CAREERS360

# GSEB 12TH HINDI

## Model Paper 2024 (Science Stream)

Image by Freepik

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर

## शैक्षणिक वर्ष - 2023-24

## कक्षा-12 हिन्दी (विज्ञान प्रवाह) (002) (प्रथम भाषा)

## वार्षिक परीक्षा

**समय : 3 घंटे** **प्रश्नपत्र का प्रारूप** **पूर्णांक : 100**

**નોંધ :** આ પરિરૂપ વિદ્યાર્થીઓ, શિક્ષકો, પ્રાશ્નિકો, મોડરેટર્સ વગેરેના માર્ગદર્શન માટે છે. જે તે વિષયોના પ્રાશ્નિક તેમજ મોડરેટર્સને માધ્યમિક અને ઉચ્ચતર માધ્યમિક શિક્ષણના બૃહદ હાર્દ/ઉદ્દેશને સુસંગત રહી પ્રશ્નપત્રની સંરચના બાબતે ફેરફાર કરવાની છૂટ રહેશે.

**उद्देश्य अनुसार भारांक :**

| उद्देश्य | ज्ञान (K) | समझ (U) | उपयोजन (A) | उच्च वैचारिक कौशल | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | संयोजन/विश्लेषण | अनुमान/मूल्यांकन | |
| PART-A | 22 | 23 | 05 | - | - | 50 |
| PART-B | 04 | 10 | 10 | 16 | 10 | 50 |
| **कुल पूर्णांक** | 26% | 33% | 15% | 16% | 10% | 100% |

**प्रश्न प्रकार अनुसार भारांक : PART-A**

| प्रश्न का स्वरूप | प्रश्नों की संख्या | कुल पूर्णांक |
|---|---|---|
| वैकल्पिक | 50 | 50 |

**प्रश्न प्रकार अनुसार भारांक : PART-B**

| क्रम | प्रश्न का स्वरूप | प्रश्न की संख्या | पूर्णांक |
|---|---|---|---|
| 1. | संक्षिप्त प्रश्न (SA) | 07 | 14 |
| 2. | विस्तृत प्रश्न (LA-I) | 04 | 16 |
| 3. | विस्तृत प्रश्न (LA-II) | 02 | 10 |
| 4. | निबंधात्मक प्रश्न (EA) | 01 | 10 |
| | कुल | **14** | **50** |

**प्रकरण अनुसार भारांक :**

| क्रम | विषयवस्तु | PART-A | PART-B | पूर्णांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गद्य | 20 | 13 | 33 |
| 2. | पद्य | 16 | 13 | 29 |
| 3. | गद्यांश-पद्यांश अर्थबोध | - | 08 | 08 |
| 4. | निबंध लेखन | - | 10 | 10 |
| 5. | व्याकरण | | | 20 |
| | 1. संधि-विच्छेद | 02 | - | |
| | 2. तत्सम रूप | 02 | - | |
| | 3. उपसर्ग-प्रत्यय | 02 | - | |
| | 4. समास भेद | 02 | - | |
| | 5. शब्द समूह के लिए एक शब्द | 02 | - | |
| | 6. मुहावरे | 02 | 02 | |
| | 7. छंद (दोहा, सोरठा, चौपाई, सवैया और कवित्त ही अभ्यासक्रम में हैं) | - | 02 | |
| | 8. अलंकार (अनुप्रास, यमक, श्लेष, वक्रोक्ति, उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, संदेह, भ्रांतिमान और मानवीकरण अलंकार ही अभ्यासक्रम में है । | 02 | 02 | |
| | **कुल** | **50** | **50** | **100** |

# कक्षा–12 हिन्दी (विज्ञान प्रवाह) (002) (प्रथम भाषा)

## वार्षिक परीक्षा

**समय : 2 घंटे** **प्रश्नपत्र का प्रारूप** **पूर्णांक : 50**

---

## PART-B

### विभाग - A

- दो–तीन वाक्यों में उत्तर हों, ऐसे दो प्रश्न पूछिए और दूसरे प्रश्न के विकल्प में एक प्रश्न दीजिए। **[04]**
- दस–पंद्रह वाक्यों में उत्तर हो, ऐसा एक प्रश्न पूछिए और उसके विकल्प में एक प्रश्न दीजिए। **[05]**
- ससंदर्भ व्याख्या के लिए कोई एक गद्यांश पूछिए। **[04]**

### विभाग - B

- दो–तीन वाक्यों में उत्तर हो ऐसे दो प्रश्न पूछिए और दूसरे प्रश्न के विकल्प मे एक प्रश्न दीजिए। **[04]**
- दस–पंद्रह वाक्यों में उत्तर हो, ऐसा एक प्रश्न पूछिए और उसके विकल्प में भी एक प्रश्न दीजिए। **[05]**
- ससंदर्भ व्याख्या के लिए कोई एक पद्यांश पूछिए। **[04]**

### विभाग - C

- कोई एक मुहावरा का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करने के लिए दीजिए। **[02]**
- कोई एक छंद सोदाहरण समझाने के लिए दीजिए। **[02]**
- कोई एक अलंकार सोदाहरण समझाने के लिए दीजिए। **[02]**
- 'वितान भाग–२' में से कोई एक परिच्छेद एक तिहाई भाग में सार लिखकर उचित शीर्षक देने के लिए दीजिए। **[04]**

### विभाग - D

- निबंध लेखन के लिए चार विषय दीजिए, जिनमें से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखना है। **[10]**
- अपठित काव्यांश का भावार्थ लिखने के लिए दीजिए। (कविता आधुनिक काल की हो) **[04]**

# BLUEPRINT
## वार्षिक परीक्षा

**कक्षा : 12 ( विज्ञान प्रवाह )** **विषय : हिन्दी ( ००२ ) ( प्रथम भाषा )** **कुल गुण : 100** **समय : 3 घंटे**

| | | PART-A | | | | PART-B | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ક્રમ | પ્રકરણ | MCQ | | | | જ્ઞાન | | | સમજ | | | ઉપયોજન | | | ઉચ્ચ વૈચારિક કૌશલ્ય (Higher Order Thinking Skil) | | | | | | કુલ |
| | | | | | | KNOWLEDGE | | | UNDERSTANDING | | | APPLICATION | | | સંયોજન/વિશ્લેષણ (Synthesis/Analysis) | | | અનુમાન/મૂલ્યાંકન Interential/Evaluative) | | | |
| | **PART-A** | **K** | **U** | **A** | **H** | **SA** | **LA** | **EA** | **SA** | **LA** | **EA** | **SA** | **LA-I** | **EA** | **SA** | **LA-2** | **EA** | **SA** | **LA** | **EA** | |
| | गद्य | 9(9) | 11(11) | | | | | | | | | | | | | | | | | | 20(20) |
| | पद्य | 9(9) | 7(7) | | | | | | | | | | | | | | | | | | 16(16) |
| | व्याकरण | 4(4) | 5(5) | 5(5) | | | | | | | | | | | | | | | | | 14(14) |
| | **PART-B** | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | गद्य दो-तीन वाक्यों में उत्तर | | | | | | | | 4(2)* | | | | | | | | | | | | 4(2) |
| | पंद्रह-बीस वाक्यों में उत्तर | | | | | | | | | | | | 5(1)* | | | | | | | | 5(1) |
| | ससंदर्भ-व्याख्या | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | 4(1) |
| | पद्य दो-तीन वाक्यों में उत्तर | | | | | | | | 4(2)* | | | | | | | | | | | | 4(2) |
| | पंद्रह-बीस वाक्यों में उत्तर | | | | | | | | | | | | 5(1)* | | | | | | | | 5(1) |
| | ससंदर्भ-व्याख्या | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | 4(1) |
| | व्याकरण-मुहावरा | | | | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | 2(1) |
| | छंद | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 2(1) |
| | अलंकार | | | | | 2(1) | | | | | | | | | | | | | | | 2(1) |
| | सार लेखन | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | 4(1) |
| | निबंध लेखन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 10(1)* | 10(1) |
| | अपठित पद्यांश का भावार्थ | | | | | | | | | | | | | | | 4(1) | | | | | 4(1) |
| | **Sub. Total** | **22(22)** | **23(23)** | **5(5)** | | **4(2)** | | | **10(5)** | | | | **10(2)** | | | **16(4)** | | | | **10(1)** | **100(64)** |
| | **Total** | **50(50)** | | | | **4(2)** | | | **10(5)** | | | **10(2)** | | | **16(4)** | | | **10(1)** | | | **100(64)** |

**નોંધ :** 1. કૌંસની અંદરનો અંક પ્રશ્નોની સંખ્યા દર્શાવે છે તથા કૌંસની બહારનો અંક પ્રશ્નોના ગુણ દર્શાવે છે.
2. * (ફૂદડી ચિહ્ન)એ પ્રશ્નમાં વિકલ્પ દર્શાવે છે.
3. આ બ્લ્યુપ્રિન્ટ નમૂનારૂપ છે, જેનાં આધારે આપેલ પ્રશ્નપત્ર તૈયાર કરવામાં આવેલ છે.
4. અન્ય નવા પ્રશ્નપત્ર માટે પ્રકરણવાર ફાળવેલ ગુણભારની મર્યાદામાં અલગ બ્લ્યુપ્રિન્ટ હોઈ શકે.

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर
## कक्षा–12 हिन्दी (विज्ञान प्रवाह) (002) (प्रथम भाषा)
## वार्षिक परीक्षा

**समय : 3 घंटे** **नमूने का प्रश्नपत्र** **पूर्णांक : 100**

---

**समय : 1 घंटा** **PART-A** **पूर्णांक : 50**

**सूचना :**

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 50 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
2. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है ।
3. आपको अलग से दिए गए पत्रक के प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O, (D) O दिए गए हैं । जिस प्रश्न का जो उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा ● करना होगा ।

---

## विभाग - A

● **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए :** **[50]**

1. महादेवी ने कहानी के मुख्य पात्र को 'भक्तिन' नाम से क्यों सम्बोधित किया ?

(A) हाथ में माला देखकर (B) उनके ज्ञान को समझकर
(C) वाणी को सुनकर (D) पड़ोसियों के बताने पर

2. किस की आवाज मृत गाँव में संजीवनी शक्ति भरती थी ?

(A) लुट्टन पहलवान की ढोलक (B) चाँद सिंह का मृदंग
(C) राजा साहब की बाँसुरी (D) लोगों के मधुर गीत

3. 'बाजार दर्शन' पाठ में पैसे की गरमी के लिए कौन-सा शब्द प्रयुक्त किया गया है ?

(A) पर्चेजिंग (B) मनीबैग
(C) बाजार (D) लोकवैभव

4. जैनेन्द्रकुमार ने बाजार का पोषण करने वाले अर्थशास्त्र को किस शास्त्र के रूप में बताया है ?

(A) राजनीतिशास्त्र (B) अनीतिशास्त्र
(C) समाजशास्त्र (D) धर्मशास्त्र

5. 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक गोबर और कौड़ियों से क्या बनाते थे ?

(A) पंजीरी (B) गोवर्धन और सतिया
(C) अरवा भूजा (D) मठरी

CAREERS 360

6. इन्द्रसेना घर जा-जाकर किसकी गुहार लगाती थी?

(A) गंगा मैया (B) इन्द्रदेव

(C) दुर्गा मैया (D) पार्वती मैया

7. लुट्टन पहलवान दंगल देखने कहाँ गये थे ?

(A) श्रावणी के मेले में (B) श्यामनगर के मेले में

(C) चन्द्रनगर के मेले में (D) औराही के मेले में

8. सारा गाँव क्यों काँप रहा था ?

(A) मलेरिया और हैजे के प्रकोप से (B) लुट्टन पहलवान के प्रकोप से

(C) राजा श्यामनंद के प्रकोप से (D) अतिवृष्टि के प्रकोप से

9. भक्तिन का वास्तविक नाम क्या था ?

(A) तिरथिया (B) लछमिन

(C) बेंदुला (D) सिवपता

10. फ्राँसीसी क्रांति के नारे में कौन-सा शब्द विवाद का विषय रहा है ?

(A) दासता (B) स्वतंत्रता

(C) लोकतंत्र (D) समता

11. महादेवी वर्मा के तकिए पर अक्सर सिकुड़कर कौन सो जाता है ?

(A) हिरनी सोना (B) बिल्ली गोधूली

(C) कुत्ता वसंत (D) गिलहरी गिल्लू

12. शिरीष को कालजयी अवधूत क्यों कहा है ?

(A) कठिन परिस्थिति में फलता-फूलता है (B) वह अल्पायु होता है

(C) वह दस-पन्द्रह दिन ही फूलता है (D) वह बहुत सुन्दर होता है

13. कवि कालिदास की रचना पहचानिए ।

(A) कूटज (B) मेघदूत

(C) बादल-राग (D) ठुमरी

14. हलवाई रसगुल्ला किसे खिलाना चाहता था ?

(A) राजा साहब (B) लुट्टन सिंह

(C) काला खाँ (D) चाँद सिंह

15. 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) महादेवी वर्मा (B) रघुवीर सहाय

(C) धर्मवीर भारती (D) फणीश्वर नाथ रेणु

16. 'शिरीष के फूल' पाठ की साहित्यिक विद्या बताइए ।

(A) ललित निबंध (B) आत्मकथा

(C) संस्मरण (D) कहानी

17. व्यवसाय चुनने की स्वतंत्रता न दिए जाने पर लेखक क्या सोचते हैं ?

(A) लोगों की स्वतंत्रता का हनन (B) लोगों को दासता में जकड़कर रखना

(C) लोगों की स्वतंत्रता का अस्वभाविक विभाजन (D) लोगों की स्वतंत्रता का अवमूल्यन

18. डॉ. आम्बेडकर का जन्म मध्यप्रदेश के ........... में हुआ था ।

(A) महू (B) इटारसी

(C) जबलपूर (D) सागर

19. जेठ की जलती धूप में धरती कैसी प्रतीत हो रही है ?

(A) अमलतास के फूलों सी (B) निर्धूम अग्निकुंड

(C) लाल अग्निकुंड (D) हरितिता में परिवेष्ठित

20. बाजार हमें कब आनंदित करता है ?

(A) हमारा मन लक्ष्य से भरा हो (B) जेब पैसे से भरा हो

(C) मनपसंद वस्तुएँ खरीदी हों (D) खाने से संतुष्टि प्राप्त की हो

21. 'दिन जल्दी-जल्दी ढलता है !' गीत किस संग्रह से लिया गया है ?

(A) नए पुराने झरोखे (B) आकुल-अंतर

(C) एकांत संगीत (D) निशा निमंत्रण

22. 'पतंग' कविता में कौन-सा बिम्ब है ?

(A) प्रासंगिक (B) श्रव्य

(C) दृश्य (D) सुंदर

23. काव्यपंक्ति पूर्ण कीजिए - जन्म से ही वे अपने साथ लाते है कपास.....

(A) पृथ्वी घूमती हुई आती है (B) जब वे पेंग भरते हुए चले

(C) कि पतंग उठ सके (D) जब वे दौड़ते हैं बेसुध

24. 'बात सीधी थी पर' काव्य में कवि किस प्रकार की भाषा का प्रयोग करता दिखाई दे रहा है ?

(A) भाषा की मौलिकता (B) अप्रासंगिक कथ्य

(C) भाषा की यांत्रिकता (D) दुरूह भाषा

25. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता किस काव्यसंग्रह से ली गई है ?

(A) लोग भूल गये
(B) कामायनी
(C) तारसप्तक
(D) प्रिय-प्रवास

26. 'पतंग' कविता के अंतर्गत कवि ने किन इच्छाओं-उमंगों का चित्रण किया है ?

(A) जन्मजात इच्छाएँ
(B) नैसर्गिक इच्छाएँ
(C) बालसुलभ इच्छाएँ
(D) युवावस्था की इच्छाएँ

27. 'शीतल वाणी में आग लिए फिरता हूँ' से कवि का क्या तात्पर्य है ?

(A) मधुर आवाज
(B) संघर्ष
(C) कटुवचन
(D) घृणा

28. 'बादल राग' कविता अनामिका में कितने खंडों में प्रकाशित है ?

(A) पाँच
(B) सात
(C) चार
(D) छः

29. प्रातःकालीन आकाश के लिए किन उपमानों का प्रयोग किया गया है ?

(A) नीलाशंख और राख से लीपा चौका
(B) सफेद शंख और मिट्टी से लीपा चौका
(C) लालशंख और गेरू से लीपा चौका
(D) सुनहरा शंख और सिन्दूर से लीपा चौका

30. 'बादल राग' कविता में कवि ने अट्टालिका को किसका प्रतीक माना है ?

(A) पोषक धनवान
(B) पूँजीपति किसान
(C) साम्यवादी कृषक
(D) शोषक धनवान

31. 'बादल राग' कविता के कवि कौन है ?

(A) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) महादेवी वर्मा
(D) सुमित्रानन्दन 'पंत'

32. कवि तुलसीदास ने दरिद्रता की तुलना किससे की है ?

(A) मेघनाथ
(B) कुबेर
(C) रावण
(D) खर-दूषण

33. कवि तुलसीदास का संबंध भक्तिकाल की किस धारा या शाखा से है ?

(A) प्रेमाश्रयी शाखा
(B) निर्गुण धारा
(C) सगुण धारा
(D) ज्ञानाश्रयी शाखा

34. रुबाइयों में कवि ने किस त्योहार का वर्णन किया है ?

(A) होली
(B) दशहरा
(C) दिवाली
(D) वसंतपंचमी

35. 'छोटा मेरा खेत' कविता मूलतः किस भाषा में लिखी गई है ?

(A) मराठी (B) गुजराती

(C) पंजाबी (D) सिन्धी

36. 'रामचरित मानस' किस भाषा में लिखा गया है ?

(A) ब्रज (B) मैथिली

(C) भोजपुरी (D) अवधी

37. किस शब्द का संधि-विच्छेद गलत है ?

(A) नरेन्द्र = नर + इन्द्र (B) यद्यपि = यदि + अपि

(C) यथैव = यथा + इव (D) महोत्सव = महात् + सव

38. 'चिंदी चिंदी बिखेरना' मुहावरे का अर्थ बताइए ?

(A) बुरी तरह बिखेरना (B) गड़बड़ करना

(C) पश्चाताप करना (D) असंभव बाते करना

39. 'भयभीत होना' - इस अर्थ से संबंधित मुहावरा पहचानिए ।

(A) पैर तले जमीन खिसकना (B) दूर की कोड़ी लाना

(C) नौ दो ग्यारह होना (D) सिर धुनना

40. 'रसास्वादन' शब्द का समास पहचानिए ।

(A) अव्ययीभाव समास (B) तत्पुरुष समास

(C) द्विगु समास (D) कर्मधास्य समास

41. बहुब्रीहि समास का उदाहरण बताइए ?

(A) गजानन (B) यथाशक्ति

(C) महात्मा (D) चित्रपट

42. 'अत्याचार' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए ।

(A) अति + आचार (B) अत् + आचार

(C) अत्य + चार (D) अत्य + आचार

43. 'ऐतिहासिक' शब्द किस प्रत्यय के मेल से बना है ?

(A) इक (B) सिक

(C) ईक (D) क

44. 'अनपढ़' शब्द किस उपसर्ग के मेल से बना है ?

(A) आ
(B) अ
(C) अन
(D) पढ़

45. तत्सम शब्द बताइए ।

(A) आम्र
(B) आँख
(C) हवा
(D) कान

46. तत्सम शब्द पहचानिए ।

(A) ओष्ठ
(B) ओठ
(C) होठ
(D) ओंठ

47. 'नया आने वाला' शब्द समूह के लिए एक शब्द पहचानिए ।

(A) नव आगन्तुक
(B) नवागन्तुक
(C) नवागमन
(D) नवगमन

48. 'जो कृपा या अनुग्रह से युक्त है' शब्द समूह के लिए एक शब्द पहचानिए ।

(A) अनुज
(B) अनुसेवक
(C) कृपायोग्य
(D) अनुगृहीत

49. 'मैं स्नेह-सुरा का पान किया करता हूँ' में कौन-सा अलंकार है ?

(A) अनुप्रास
(B) रूपक
(C) यमक
(D) उपमा

50. 'हँसते हैं छोटे पौधे लघुभार -

शस्य अपार,
हिल-हिल,
खिल-खिल,
हाथ-हिलते,
तुझे बुलाते,
विप्लव-रव से छोटे ही हैं शोभा पाते ।'

उपर्युक्त पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है ?

(A) श्लेष
(B) यमक
(C) मानवीकरण
(D) उपमा

# गुजरात माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षण बोर्ड, गांधीनगर
## कक्षा–12 हिन्दी (विज्ञान प्रवाह) (002) (प्रथम भाषा)
## वार्षिक परीक्षा

**समय : 2 घंटे** **PART-B** **पूर्णांक : 50**

**सूचना :**

1. इस प्रश्नपत्र में कुल चार विभाग है ।
2. सभी प्रश्न के उत्तर लिखना अनिवार्य है ।
3. वाक्य रचना, भाषा–शैली और स्वच्छता पर ध्यान दें ।
4. सभी प्रश्नों के अंक दाहिनी ओर दिए गए हैं ।

## विभाग - A

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए** **[04]**

1. जीजी ने इंदर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ?
2. बाजार में भगतजी के व्यक्तित्व का कौन–सा सशक्त पहलू उभर कर आता है ?

**अथवा**

ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पंद्रह-बीस वाक्यों में लिखिए :** **[05]**

3. श्रम विभाजन और जाति–प्रथा के सम्बन्ध में आंबेडकर के विचार अपने शब्दों में लिखिए ।

**अथवा**

भक्तिन का चरित्र–चित्रण कीजिए ।

- **निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ व्याख्या कीजिए :** **[04]**

4. 'फूल हो या पेड़, वह अपने आप में समाप्त नहीं है । वह किसी अन्य वस्तु को दिखाने के लिए उठी हुई अँगुली है । वह इशारा है ।

## विभाग - B

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में दीजिए :** **[04]**

5. राम विलाप करते हुए लक्ष्मण से क्या कहते हैं ?



CAREERS 360

6. कविता और बच्चे को समांतर रखने के क्या कारण हो सकते हैं ?

**अथवा**

छोटे-चौकोने खेत को कागज का पन्ना कहने में क्या अर्थ निहित हैं ?

- **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पंद्रह-बीस पंक्तियों में लिखिए :** **[05]**

7. 'आत्मपरिचय' कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए ।

**अथवा**

'बादल राग' कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है, समझाइए ।

- **निम्नलिखित पद्यांश की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए :** **[04]**

8. अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
और बच जाते हैं तब तो
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं ।

## विभाग - C

- **सुचनानुसार उत्तर लिखिए :**

9. 'मातम छा जाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । **[02]**

10. 'दोहा' छंद को सोदाहरण समझाइए । **[02]**

11. 'यमक' अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए । **[02]**

12. एक तिहाई में सार लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : **[04]**

यशोधर बाबू को धार्मिक प्रवचन सुनते हुए भी अपना पारिवारिक चिन्तन में ध्यान डूबा रहना अच्छा नहीं लगा । सुबह-शाम संध्या करने के बाद जब वह थोड़ा ध्यान लगाने की कोशिश करते हैं तब भी मन किसी परम सत्ता में नहीं, इसी परिवार में लीन होता है । यशोधर जी चाहते हैं कि ध्यान लगाने की सही विधि सीखें तथा साथ ही साथ वह अपने से भी कहते हैं कि परहैप्स ऐसी चीज के लिए रिटायर होने के बाद का समय ही प्रोपर ठहरा । वानप्रस्थ के लिए प्रैसक्राइब्ड ठहरी ये चीजें । बानप्रस्थ के लिए यशोधर बाबू का अपने पुश्तैनी गाँव जाने का इरादा है रिटायर होकर । फार फ्राम द मैडिंग क्राउड-समझे ।

## विभाग - D

- **निम्नलिखित विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए :** **[10]**

13. पर्यावरण प्रदूषण **अथवा** मोबाइल की आत्मकथा **अथवा**

स्त्री शिक्षा **अथवा** कम्प्यूटर युग

- **अपठित काव्यांश का भावार्थ लिखिए :** **[04]**

14. बनाया है मैंने ये घर धीरे-धीरे,
खुले मेरे ख्वाबों के पर धीरे-धीरे ।

किसी को गिराया न खुद को उछाला,
कटा जिन्दगी का सफर धीरे-धीरे ।

जहाँ आप पहुँचे छलांगे लगाकर,
वहाँ मैं भी पहुँचा मगर धीरे-धीरे ।

पहाड़ों की कोई चुनौती नहीं थी,
उठाता गया यूँ ही सर धीरे-धीरे ।

न हँसकर न रोकर किसी में उड़ेला,
पिया खुद ही अपना जहर धीरे-धीरे ।

CAREERS360